**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**ओवरसीज़ भर्ती**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के निर्देश पर 9 अक्तूबर को राजकीय पॉलीटैक्निक हमीरपुर में एक विशेष ओवरसीज़ भर्ती अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाना है। ये भर्ती अभियान श्रम और रोज़गार, तकनीकी शिक्षा विभाग और केन्द्रीय विदेश मंत्रालय से पंजीकृत भर्ती एजेंसी के सहयोग से करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार युवाओं को वैश्कि स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए वचनबद्ध हे और इस भर्ती अभियान के माध्यम से उन्हें तकनीकी व गैर–तकनीकी क्षेत्रों में विदेशों में रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**ई–केवाईसी**

राज्य सरकार ने लगभग 97 फीसदी सार्वजनिक वितरण प्रणाली उपभोक्ताओं की ई–के.वाई.सी. प्रक्रिया पूरी कर ली है। ई–के.वाई.सी. के माध्यम से फर्जी या अपात्र लोगों को पी.डी.एस. से बाहर करने और पात्र परिवारों को अनुदान युक्त अनाज व अन्य लाभ देने में मदद मिल रही है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के निर्देश पर खाद्य आपूर्ति विभाग ने ई–के.वाई.सी. प्रक्रिया अपनाने का निर्णय लिया है और उपभोक्ताओं को अब इसके लिए उचित मूल्य की दुकानों पर जाने की ज़रूरत नहीं है। उपभोक्ता मोबाइल ऐप्प के माध्यम से आधार कार्ड द्वारा चेहरे की पहचान करवाकर ई–के.वाई.सी करवा सकते हैं।

**जीएसटी सुधार– हिमाचल प्रदेश**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी जो 22 सितंबर से शुरू हुआ है। यह पूरे देश में लाभकारी साबित हो रहा है। आज इस कड़ी में पेश है हिमाचल प्रदेश के उद्योगों पर जीएसटी सुधारों के प्रभाव की।

*नये जीएसटी सुधारों ने हिमाचल प्रदेश के कारीगरों, किसानों और औद्योगिक क्षेत्रों को बड़ी राहत प्रदान की है। हाथ से बुने हुए शॉल, हिमाचली टोपी और हस्तशिल्प निर्मित वस्तुओं पर जीएसटी को पहले के 12 प्रतिशत से घटाकर अब 5 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार के इस कदम से पारंपरिक वस्तुएँ और अधिक किफायती हुई हैं तथा कारीगरों और शिल्पकारों की आय में सुधार हुआ है। वहीं चमड़े की चप्पलें, लकड़ी से बने हुए समान और मिट्टी और धातु के बर्तन भी 5 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के अंतर्गत रखे गये हैं। इसके साथ ही, शिमला और आसपास के किसानों को सेब रखने और भेजने की सामग्री पर कम जीएसटी का लाभ मिला है। जिससे लागत में कमी आई है और फसल के मौसम में हजारों किसानों को मदद मिलने की उम्मीद है। संशोधित जीएसटी दरों का उद्देश्य छोटे कारीगरों और बुनकरों को राहत देने के साथ ही किसानों और कारखाना श्रमिकों के लिए नए अवसर पैदा करना भी है। जीएसटी में कटौती से लोगों की आजीविका मजबूत होगी और हिमाचल प्रदेश के बाजार और समृद्ध बनेंगे।*

**कुल्लू दशहरा**

अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में लाल चंद प्रार्थी कलाकेन्द्र में कुल्लवी नाटी की धूम रही। इसके अलावा स्थानीय व प्रदेश के अन्य ज़िलों से आए लोक कलाकारों ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रसिद्ध लोक गायक अरविंद प्रताप ने अपने गानों से खूब समा बांधा। कुल्लू दशहरा की चौथी सांस्कृतिक संध्या में आज प्रसिद्ध गायक कुमार साहिल और ममता भारद्वाज अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

**अनिरूद्ध सिंह**

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि अच्छी शिक्षा ही बेहतर भविष्य का आधार है और राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ कर रही है। शिमला के ढली में आज एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्‌वान किया। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ–साथ खेलों व अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए और राज्य सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दे रही है।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने पार्टी की एक सौ 29 सदस्यों वाली राज्य कार्यसमिति घोषित कर दी है। इसमें 24 स्थायी आमंत्रित सदस्य और एक सौ 5 कार्यसमिति सदस्य बनाए गए हैं। बिंदल ने बताया कि स्थायी आमंत्रित सदस्यों में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्‌डा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार और पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

**राजेश धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश को आत्मनिभर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और इसके लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आज घुमारवीं में 4 दिवसीय अंडर–नाइनटीन छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस मौके पर धर्माणी ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और देश व समाज के विकास में महिलाओं की अग्रणी भूमिका है।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है और राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज सुबह तेज वर्षा हुई। मौसम विभाग ने कल 6 अक्तूबर को राज्य के अनेक क्षेत्रों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जबकि 7 अक्तूबर को यलो अलर्ट जारी किया है।